देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 11 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...ताकि बचे रहे धरती...



# पेज थ्री

देहरादून, शुक्रवार, 3 अप्रैल 2020



मौसम — अधिकतम 29.0° न्यूनतम 15.0°

28265.31

2 पाक में 15 वर्षीय हिंदू बच्ची के साथ रेप

7 धोनी की वजह से नहीं हुई सेंचुरी

# राज्य और केंद्र एक रणनीति तैयार करें

## कोरोना पर पीएम मोदी ने की मुख्यमंत्रियों के साथ समीक्षा बैठक

### गृह मंत्री और रक्षा मंत्री भी बैठक में हुए शामिल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में कोरोना वायरस का संकट धीरे–धीरे गहराता जा रहा है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को देश में कोरोना वायरस की स्थिति पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक की। इस बैठक में पीएम मोदी ने अलग–अलग राज्यों में कोरोना के बढ़ते मामलों को लेकर समीक्षा की। गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी इस बैठक में शामिल हुए।

पीएमओ ने जानकारी दी कि पीएम मोदी ने कहा कि अगले कुछ हफ्तों में परीक्षण, ट्रेसिंग, आइसोलेशन और संगरोध फोकस क्षेत्र में रहना चाहिए। उन्होंने आवश्यक चिकित्सा उत्पादों की आपूर्ति बनाए रखने, दवाओं और चिकित्सा उपकरणों के निर्माण के लिए कच्चे माल की उपलब्धता पर प्रकाश डाला।

भारत में मामलों में वृद्धि से केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने गणमान्य लोगों को अवगत कराया। प्रधान मंत्री कार्यालय ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्रियों की बैठक में कहा कि निजामुद्दीन मरकज से मामलों का प्रसार हुआ, वायरस के आगे प्रसार से उत्पन्न होने वाले चिकित्सा मामलों से निपटने की तैयारी है। भारत में मामलों में वृद्धि से केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने गणमान्य लोगों को अवगत कराया।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्रियों की बैठक में कहा कि निजामुद्दीन मरकज से मामलों का प्रसार हुआ, वायरस के आगे प्रसार से उत्पन्न होने वाले चिकित्सा मामलों से निपटने की तैयारी है।



### मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने लॉकडाउन पर दी सफाई

समाचार एजेंसी के मुताबिक पीएम के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बाद अरुणाचल प्रदेश के पीएम पेमा खांडू ने ट्वीट कर कहा था कि 15 अप्रैल के बाद लॉकडाउन खत्म होने के बाद भी लोगों को एहतियात बरतना होगा। हालांकि इस खबर के सामने आने के बाद सीएम खुद सामने आए और इस पर सफाई दी। हालांकि ट्वीट के सामने आने के बाद मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने सफाई देते हुए कहा कि लॉकडाउन अवधि के संबंध में ट्वीट एक अधिकारी द्वारा अपलोड किया गया था जिसकी हिंदी में समझ सीमित थी। इसलिए उसी को हटा दिया गया है। इससे पहले जारी ट्वीट में कहा गया था कति लॉकडाउन की डेडलाइन 15 अप्रैल को खत्म हो रही है।

### पीएम ने जिला स्तर पर आपदा प्रबंधन समूह बनाने की दी सलाह

प्रधानमंत्री मोदी ने राज्यों के मुख्यमंत्रियों से वीडियो कान्फ्रेसिंग के जरिये संवाद में कहा कि लॉकडाउन (नाकेबंदी) समाप्त होने के बाद आबादी के फिर से घर से बाहर निकलने को ध्यान में रखते हुए राज्यों और केंद्र को एक रणनीति तैयार करनी चाहिए । कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ाई में समन्वित प्रयासों की जरूरत को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, जिला स्तर पर इस उद्देश्य के लिये आपदा प्रबंधन समूह बनाया जाना चाहिए। इसके साथ ही जिला निगरानी अधिकारियों को नियुक्त किये जाने की जरूरत है। मोदी ने कहा कि यह वास्तव में सराहनीय है कि सभी राज्यों ने एक साथ और एक टीम के रूप में कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिये काम किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### आइसोलेशन में जमातियों ने डॉक्टरों पर थूका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। निजामुद्दीन से निकाले गए तबलीगी जमात के लोग अपनी जांच और इलाज में डॉक्टरों का बिल्कुल भी सहयोग नहीं कर रहे हैं। यह बात उत्तर रेलवे के सीपीआरओ दीपक कुमार ने बताई। तुकलकाबाद में रखे गए कुछ तबलीगी जमात के लोग मेडिकल स्टाफ से बदसकूली कर रहे हैं, इतना ही नहीं उन्होंने कथित रूप से मेडिकल स्टाफ पर थूका भी और गैर जरूरी चीजों की मांग भी करने लगे। मिली जानकारी के मुताबिक, मरकज खाली करवाने के बाद तबलीगी जमात के 167 लोगों को रेलवे ने तुकलकाबाद में बने आइसोलेशन सेंटर्स में रखा है।

### धारावी में 1 और पॉजिटिव केस, हड़कंप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। घनी आबादी वाले मुंबई के धारावी इलाके में कोरोना संक्रमित एक व्यक्ति की मौत के एक दिन बाद ही गुरुवार को एक अन्य व्यक्ति वायरस से संक्रमित पाया गया है। बीएमसी में सफाईकर्मी का काम करने वाले व्यक्ति का टेस्ट पॉजिटिव आने के बाद हजारों झुग्गियों वाले इस इलाके में संक्रमण का खतरा बढ़ गया है।

### मेडिकल टीम पर हमले के आरोप में 7 लोग गिरफ्तार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इंदौर। मध्य प्रदेश के इंदौर में कोरोना संदिग्ध की जांच के लिए गई मेडिकल टीम पर हमले के आरोप में पुलिस ने 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। मेडिकल कर्मचारियों के हमले के बाद पुलिस ने हमला करने वाले लोगों की तलाश शुरू कर दी थी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, वायरल विडियो में शामिल लोगों की पहचान की गई और फिर उनकी गिरफ्तारी की गई है। बिहार समेत कई राज्यों में मेडिकल टीम और पुलिसकर्मियों पर हो चुका है हमला।

### देश के 29 राज्यों में कोरोना फैल चुका है

# देश में 1,965 पहुंचा आंकड़ा, 50 की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत में कोरोना के मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। देश के 29 राज्यों में कोरोना फैल चुका है। सरकारी आंकड़े के अनुसार, अब तक 1,965 लोग इस जानलेवा वायरस से पीड़ित हैं। इस वायरस ने 50 लोगों की जान ले ली है। महाराष्ट्र में यह वायरस तेजी से पांव पसार रहा है और यहां 335 लोग इससे पीड़ित हैं। केरल में भी 265 लोग कोरोना से पीड़ित हैं। पिछले 24 घंटे में 12 लोगों की मौत हुई है।

**आंध्र में तबलीगी ने बढ़ा दिया कोरोनाः** आंध्र प्रदेश में बुधवार को कोरोना वायरस के 67 नए मामले सामने आए हैं जिससे राज्य में कुल मामलों की संख्या 111 हो गई है। इन मामलों में ज्यादातर तबलीगी जमात के एक कार्यक्रम से संबंधित है। मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी ने कहा कि राज्य के करीब 1,085 लोगों ने दिल्ली में जमात के कार्यक्रम में भाग लिया था और वहां से लौटे थे। मध्य प्रदेश में कोरोना वायरस से संक्रमित 86 मरीजों में से आठ मरीज अब तक ठीक हो चुके हैं और 14 दिन तक अलग रखने के बाद अस्पताल से उन्हें छुट्टी दे दी जाएगी।

बिहार में बुधवार को कोरोना वायरस संक्रमण के छह नए मामलों की पुष्टि हुई है, जिससे राज्य में कारोना संक्रमित लोगों की संख्या बढ़ कर 21 हो गई है।

### कोरोना से अब तक 50 की मौत

कोरोना वायरस से देश में अब तक 50 लोगों की मौत हो चुकी है। सबसे ज्यादा 13 मौत महाराष्ट्र में हुइ है। इसके बाद गुजरात में 6 लोगों की मौत हुई है। 151 लोग इस जानलेवा बीमारी से ठीक होकर घर जा चुके हैं। पिछले 24 घंटे में 12 लोगों की घातक कोरोना वायरस से मौत हुई है।

### लॉकडाउन जल्दबाजी में लिया गया फैसलाः सोनिया

नई दिल्ली। कोरोना वायरस से लड़ने के लिए केंद्र सरकार की तैयारियों पर कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने हमला बोला है। सोनिया ने अब 21 दिन के लॉकडाउन को जल्दबाजी में लिया गया फैसला बताया, जबकि इससे पहले सोनिया ने खुद इस फैसले का समर्थन किया था। सोनिया ने अब कांग्रेस की वर्किंग कमिटी की बैठक में सरकार पर हमला बोला है। सोनिया के साथ–साथ राहुल गांधी ने भी लॉकडाउन पर सवाल उठाए और प्रवासी कामगारों को हुई दिक्कतों का जिक्र किया।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से हुई इस मीटिंग में सोनिया ने कहा कि लॉकडाउन जरूरी हो सकता है लेकिन इसके अनियोजित क्रियान्वयन से लाखों प्रवासी श्रमिकों को परेशानी और तकलीफ उठानी पड़ रही है। उन्होंने आगे कहा कि कोरोना वायरस लॉकडाउन की वजह से बने हालात से निपटने के लिए सरकार को एक विस्तृत रणनीति बनाना चाहिए थी।

# मुस्लिम ज्ञान के बाद अब मौलाना का यू–टर्न

### मैंने खुद को क्वारंटाइन किया, आप भी डॉक्टरी सलाह मानें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। तबलीगी जमात के लोगों को श्मस्जिद से अच्छी मौत कहीं नहीं का पाठ पढ़ानेवाले मौलाना साद अब खुद कोरोना वायरस से डर गए हैं। अबतक लापता मौलाना साद का एक नया ऑडियो संदेश आया है। इसमें साद ने खुद कहा कि वह फिलहाल दिल्ली में डॉक्टरी सलाह के बाद आइसोलेशन में हैं। ऑडियो में वह अब तबलीगी जमात के लोगों को समझा रहे हैं कि डॉक्टर के पास जाना शरियत के खिलाफ नहीं है। इससे पहले वायरल ऑडियो में कहते सुना गया था कि सलाह उसी डॉक्टर की मानी जाए तो खुद अल्लाह में यकीन रखता हो।

सरकार की मदद करने, डॉक्टर की सलाह मानने को कहा

तबलीगी जमात के मुखिया मौलाना साद का यह ऑडियो दिल्ली मरकज के यूट्यूब पेज पर है। सुबह जारी संदेश में कहा गया है कि जमातियों को सरकार की पूरी मदद करनी चाहिए और डॉक्टरी सलाह लेनी चाहिए। इसके साथ ही अब कहीं मजमा नहीं लगाने को कहा गया है। इससे पहले वायरल ऑडियो में कहा गया था कि यह अफवाह है कि मस्जिद में जुटने से कोरोना से मौत हो सकती है। आगे कहा था कि अगर मौत होती भी है तो इससे बेहतर कुछ नहीं होगा।

# अब भारतीय सेनाएं भी तैयार

### युद्धपोत, प्लेन अलर्ट, सेना के 8,500 डॉक्टर भी तैयार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में कोरोना का खतरा बढ़ने के बाद अब भारतीय सेनाएं भी पूरी तरह अलर्ट मोड में हैं। कोरोना से जंग की सबसे नाजुक स्थिति करीब आने पर चिकित्सा से जुड़े साजो–सामान लाने–ले जाने के लिए वायुसेना की ट्रांसपोर्ट फ्लीट तैयार है, तो युद्धपोत भी किसी भी स्थिति में तैनाती के लिए अलर्ट पर हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कोरोना से जुड़ी सेना की तैयारियों का जायजा लिया।

सेना के 8,500 डॉक्टर भी किसी प्रकार की आपात स्थिति के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। रक्षामंत्री ने आदेश दिया किया सिविल प्रशासन को सभी तरह की मदद दी जाए जो स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को बताया कि कोविड–19 से निपटने के लिए अस्पतालों के 9,000 बेड तैयार रखे गए हैं।

Are you Planning to make a Website or already have ?

If yes, then we are here to serve you

What we do

Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in